RAF SECTOR

NEWS CLIP

30/08/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Intex, Prayagraj (U.P)

आरएएफ कैंप में हुआ वॉलीबाल मैच.

101 द्रुत कार्य बल 'गंगा जमुनी तहजीब के प्रहरी' शांतिपुरम में शनिवार को खेल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया. 101 आरएएफ कैंपस मे वॉलीबाल मैच का आयोजन कराया गया. कमांडेंट आरके निगम ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की . सभी खिलाड़ियों को सीआरपीएफ खेलो इंडिया का प्रमाण पत्र दिया गया. जवानों को खेल का महत्व बताया गया. कमांडेंड के अलावा द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद रहे.

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

रैफ बटालियन ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

नरवा : विश्व में भारत का नाम रोशन करने वाले हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर केरिपु बल ने खेल का आयोजन किया. इसका उद्घाटन बल के महानिदेशक डॉ एपी महेश्वरी ने किया. इसके तहत शनिवार को आरएएफ 106 बटालियन कैंप परिसर सुंदरनगर में कमांडेंट प्रमोद कुमार के मार्गदर्शन एवं द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार तथा उप कमांडेंट अनामी शरण के नेतृत्व में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलो इंडिया खेलो में वॉलीबॉल खेल का आयोजन किया गया. इस खेल में ए/106, सी106, डी106 तथा मुख्यालय समवाय के जवानों ने हिस्सा लिया. मौके पर कमांडेंट श्री सिंह ने कहा कि भारत में खेल दिवस का बहुत ही महत्व है. खेल हमारे जीवन में बहुत ही आवश्यक है. इससे शरीर के साथ ही मानसिक विकास होता है. मौके पर अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे.

Hindustan, Bhagalpur (BIHAR)

● दिन में फ्लैग मार्च निकाल जुलूस नहीं निकालने की अपील की गई थी ● डीएम और एसएसपी खुद पहुंचे जायजा लेने

देर रात तक बैठकें और गश्ती, नहीं निकला जुलूस

रात @ 12 बजे

भागलपुर | वरीय संवाददाता

पुलिस व प्रशासन की सख्ती के कारण शनिवार देर रात तक मुहर्रम जुलूस नहीं निकला। शहर के अधिकतर चौराहों पर पुलिस तैनात रही। एक-दो जगहों पर लोगों ने निकलने की कोशिश की लेकिन पुलिस की सख्ती के कारण ऐसा नहीं हो सका।

रात करीब 10:30 बजे सराय चौक पर जुलूस निकलने की सूचना मिली। इसके बाद वहां एसपी सिटी, डीएसपी राजवंश सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी पहुंच गये व ऐसा करने से रोक दिया। सराय किलाघाट इमामबाड़े के चारों ओर छावनी में बदल दिया गया था। सराय की सड़कों पर लोग घरों के बाहर देर रात तक बैठे रहे। तातारपुर चौक पर शांति समिति के सदस्य व पुलिस अधिकारी जमे रहे। रात 12 बजे स्टेशन चौक पर भी कोतवाली इंस्पेक्टर सहित पुलिस फोर्स मौजूद थे। मुस्लिम हाई स्कूल के पास देर रात तक शांति समिति के सदस्य डॉ. फारूक अली व अन्य लोग उपस्थित थे। मौलानाचक में बैठक कर लोगों से घरों में रहने की अपील की गई।



मुहर्रम को लेकर कोतवाली थाने से शनिवार को पुलिस व रैफ जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च।

शनिवार को मौलानाचक के पास मैदान में लोगों से शांतिपूर्वक पर्व मनाने की अपील करते डीएम, एसएसपी व अन्य।

कहलगांव व नवगछिया में निकाला गया फ्लैग मार्च

कहलगांव। एसडीपीओ रेशू कृष्णा के नेतृत्व में शनिवार को शहर में फ्लैग मार्च किया गया। मार्च शहर के विभिन्न मुहल्लों में पहुंचा। नवगछिया के विभिन्न मुहल्लों में फ्लैग मार्च निकाला गया। एसडीपीओ दिलीप कुमार के नेतृत्व में मुमताज मुहल्ला, मनिया मोर आदि इलाकों में लोगों से मिलकर त्योहार मनाने की अपील की गयी।

डेढ़ दर्जन नामजद एवं तीन सौ अज्ञात पर केस

भागलपुर। शुक्रवार रात कोतवाली चौक व किलाघाट इमामबाड़े में उपद्रव और पथराव के बाद शनिवार को दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गयी है। एसएसपी ने कहा कि कोतवाली थाने में सात नामजद व डेढ़ सौ अज्ञात और तातारपुर थाने में दर्जन भर नामजद एवं डेढ़ सौ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहां अज्ञात आरोपियों की सीसीटीवी से पहचान कराई जा रही है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इधर, इमामबाड़े में बैरिकेडिंग तोड़ने के बाद शनिवार को डीएम के निर्देश पर दोनों जगह मजबूत बैरिकेडिंग लगाई गई है। वहां पर 24 घंटे पुलिस का पहरा लगा दिया गया है।

संवेदनशील जगहों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था करें

भागलपुर। डीएम ने सदर एसडीओ को शहरी क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों को चिह्नित कर मजबूत बैरिकेडिंग तत्काल करने का निर्देश दिया। साथ ही मुहर्रम को लेकर विधि व्यवस्था बेहतर करने का निर्देश दिया। डीएम प्रणव कुमार ने शनिवार को एमजी रोड स्थित एम बाजार मॉल और खलीफाबाग चौक स्थित बिग बॉस दुकान का औचक निरीक्षण किया। हालांकि दोनों प्रतिष्ठानों में अनियमितता नहीं पायी गयी। कर्मी और सभी ग्राहक मास्क पहने हुए थे। डीएम ने प्रतिष्ठानों के प्रबंधकों को शत-प्रतिशत सामाजिक दूरी का पालन करने का निर्देश दिया। डीएम ने कोविड 19 के संक्रमण को देखते हुए मुहर्रम के त्योहार को अपने घर तथा इमामबाड़े में ही रहकर मनाने का अनुरोध किया। ताकि वायरस के संक्रमण का प्रसार नहीं हो सके।

Photos Of National Sport Day Celebrated

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।